# एलन टैलेंटेक्स : स्टूडेंट्स को 1.25 करोड़ के कैश प्राईज और 250 करोड़ की स्कॉलरशिप मिलेगी



एलन टैलेंटेक्स के पोस्टर का विमोचन किया गया।

- पोस्टर विमोचन के साथ 12वें एडिशन की घोषणा, 30 जून तक रजिस्ट्रेशन फीस में विशेष छूट
- ऑफलाईन एलन टैलेंटेक्स के रजिस्ट्रेशन शुरू

**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए देश की बड़ी परीक्षाओं में से एक एलन टैलेंटेक्स के 12वें एडिशन की घोषणा शुक्रवार को एलन संकल्प में की गई। यहां टैलेंटेक्स-2026 की बुकलेट, वेबसाईट व पोस्टर विमोचन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, डॉ.नवीन माहेश्वरी, डॉ.बृजेश माहेश्वरी, एचओडी पीबी सक्सेना सहित संस्थान के सीनियर मैंबर्स मौजूद रहे।

इस अवसर पर निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने कहा कि टैलेंटेक्स प्रतिभावान स्टूडेंट्स को आगे लाने, उनके कॅरियर को संवारने के लिए सशक्त मंच है। इस परीक्षा में शामिल होकर स्टूडेंट्स कोचिंग शुल्क में रियायत पाकर सपने पूरे कर सकते हैं। शुरुआत से अब तक एलन टैलेंटेक्स में 18.25 लाख स्टूडेंट्स शामिल हो चुके हैं। ऑनलाईन और ऑफलाईन दोनों मोड में होने वाली इस परीक्षा में कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स शामिल हो सकते हैं। परीक्षा 5 व 12 अक्टूबर को होगी। 30 जून तक आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स को रजिस्ट्रेशन फीस में विशेष छूट मिलेगी।

उन्होंने कहा कि टैलेंटेक्स में स्टूडेंट्स को नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 1.25 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। टैलेंटेक्स ऑफलाइन में 4750 कैश प्राइज दिए जाएंगे। इसके साथ ही एलन क्लासरूम एवं डिजिटल कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। हर स्टूडेंट को अलग से कॉम्पीटिटिव सक्सेस इंडेक्स भी जारी किया जाएगा।

एलन के वाईस प्रसीडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में वे स्टूडेंट्स भी शामिल हो सकते हैं जो एलन के क्लासरूम कोर्स में प्रवेश ले चुके हों। देश में एलन के किसी भी सेंटर पर प्रवेश लिया जा सकता है। विद्यार्थी को ऑनलाईन फॉर्म भरकर रजिस्ट्रेशन करना होगा। ऑफलाईन फॉर्म मिलना शुरू हो चुके हैं। परीक्षा का परिणाम व पुरस्कार वितरण की घोषणा नवम्बर माह सक्सेस पॉवर सेशन के रूप में होगी।

**प्रेक्टिस पेपर्स नि:शुल्क:-** टैलेंटेक्स में रजिस्ट्रेशन के साथ ही प्रेक्टिस के लिए स्टूडेंट्स को टेस्ट पेपर्स वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे वो टेस्ट के स्तर को समझते हुए तैयारी कर सकता है। परीक्षा का सिलेबस एनसीईआरटी का होगा। एग्जाम पैटर्न और सिलेबस की जानकारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**सेल्फ असेसमेंट के लिए बेहतर प्लेटफार्म:-** टैलेंटेक्स में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स को दोहरे फायदे के रूप में कॉम्पीटेटिव सक्सेज इंडेक्स दिया जाएगा। इस इंडेक्स के माध्यम से स्टूडेंट्स यह पता कर सकता है कि यदि वह जेईई, नीट, सीए व सीएस जैसी परीक्षाओं में शामिल होता तो उसकी क्या नेशनल रैंकिंग रहती। यह सीएसआई परिणाम की घोषणा के साथ जारी किए जाएंगे। यह परीक्षा स्टूडेंट्स को उनकी अकेडमिक एक्सीलेंस का विश्लेषण करने में मदद करती है। लाखों स्टूडेंट्स के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा क माध्यम से अपनी योग्यता को हर स्टूडेंट परख सकता है। इसके साथ ही प्रतिभा के आधार पर स्कॉलरशिप और नकद पुरस्कार मिलते हैं जो कि कॅरियर बनाने में मददगार होते हैं।

**ये रहेगा परीक्षा का प्रारूप:-** परीक्षा दो घंटे की होगी, जिसमें बहुविकल्पी व इन्टिजर टाईप प्रश्न होंगे, जिसमें फिजिक्स, कैमेस्ट्री, मैथ्स, बॉयोलॉजी एवं लॉजिकल मेंटल एबिलिटी के प्रश्न पूछे जाएंगे। पेपर एनसीईआरटी के सिलेबस पर आधारित होता है। टैलेंटेक्स में परीक्षा के माध्यम से स्टूडेंट्स न केवल अपने विषय के चयन में सहायता प्राप्त कर सकते हैं। वरन् राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न परीक्षाओं के स्तर के अनुरूप हम स्वयं को कैसे तैयार कर सकते हैं, इस बारे में यहां सेल्फ असेसमेंट हो सकता है।

# तिरंगा यात्रा का स्वागत किया




कोटा में तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया है।

**कोटा,** (निसं)। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को जगाने, हमारे वीर जवानों को सम्मान देने, आतंकवाद के खिलाफ देश की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने हेतु रामपुरा बाजार से निकलने वाली भव्य तिरंगा यात्रा का स्वागत समस्त पंजाबी खत्री सभा कोटा द्वारा रामपुरा बाजार में भव्य स्वागत किया गया

अध्यक्ष नयन कालरा ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर को और भारतीय सेना के इस पराक्रम को बरसों तक याद किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव प्रवीण गुलाटी, संस्कृतिक मंत्री नवीन खत्री उपाध्यक्ष कमल अधलखा, ईश्वर जैन रमेश चंद्र का सहयोग रहा।

# जरूरतमंद महिला को रावतभाटा के सेवादारों ने तीन यूनिट ब्लड देकर जान बचाई

**कोटा,** (निसं)। कोटा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती अनंतपुरा निवासी मधु पत्नी लोकेश कुमार की हालत ज्यादा खराब हो जाने पर डॉक्टर ने तुरंत ब्लड चढ़ाने की सलाह दी। जांच करने पर मरीज के शरीर में मात्र तीन यूनिट ब्लड रह जाने से वह बेहोश हो गई और जान बचाने के लिए तुरन्त चार यूनिट ब्लड की जरूरत बताने पर रोगी के परिजनों के सामने समस्या आन पड़ी।

ऐसे में डेरा सच्चा सौदा के रावतभाटा के तीन सेवादारों ने सूचना मिलते ही कोटा मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचकर रक्त दान कर मरीज की जान बचाई। सेवादार राजेंद्र सिंह हाड़ा के अनुसार मरीज मधु के तीन यूनिट ही ब्लड रह जाने से तुरन्त ब्लड चढ़ाना जरूरी था। ऐसे में सूचना मिलते ही रावतभाटा से तीन से उधर तपती दोपहरी में कोटा मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना हुए और उन्होंने ब्लड बैंक पहुंचकर तुरंत तीनों ने रक्तदान किया और अनजान बहन रोगी मधु की जान बचाई। इस मौके पर मधु के पति लोकेश ने भी रक्तदान किया। डेरा सच्चा सौदा के सेवादार दीपक चौपड़ा, नैनसुख एवं दीपक प्रजापति ने रक्तदान किया। सेवादारों ने बताया की डेरा सच्चा सौदा के स्थापना माह की खुशी में रक्तदान करने का आ अवसर मिला है।

साथ में बहुत ही जरूरतमंद महिला की मदद करने का मौका मिला और उनके थोड़े से प्रयास से उसकी जान बच गई इस बात की अपार खुशी है। सेवादारों ने बताया की डेरा सच्चा सौदा के गुरु संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा की पावन प्रेरणा से ही सेवा कार्य करके खुशी का अहसास होता हैं। मरीज की जान बचने से परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने गुरुजी का लाख-लाख धन्यवाद अदा किया जिनके कारण रोगी की जान बच पाई।

# अतिक्रमण हटाये

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी के निर्देशानुसार कैथून क्षेत्र के मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। कार्यवाही के दौरान अतिक्रमियों को अतिक्रमण ना करने के लिए सख्त हिदायत दी गई। नगर निगम कोटा उत्तर के अति.पुलिस अधीक्षक व अतिक्रमण प्रभारी तरूणकांत सौमानी ने बताया कि निगम उत्तर की अतिक्रमण टीम ने कनिष्ठ अभियंता नरेन्द्र नागर की अगुवाई में शुक्रवार को कैथून रोड के मुख्य मार्गो व बस स्टैण्ड से लेकर चंद्रलोई नदी तक अतिक्रमण निरोधात्मक कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान निगम उत्तर की अतिक्रमण टीम व स्थानीय पुलिस जाप्ते ने दुकानों के बाहर अवैध तरीके से रखे सामानों को हटवाया और संबंधित के दुकानदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई और अतिक्रमियों को स्पष्ट चैतावनी दी कि भविष्य में सभी दुकानदार अपने सामान अपनी निर्धारित सीमा के अंदर रखें।


**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम नवीता हाड़ा (NAVITA HADA) था, मैंने मेरा नाम परिवर्तन कर नवीता (NAVITA) कर लिया है भविष्य में मुझे नवीता (NAVITA) के नाम से ही जाना जायें। नवीता पत्नी नितिन सिंह, निवासी 79, समृद्धि नगर, बोरखेड़ा, कोटा,


# मोशन के मेधावियों ने 10वीं बोर्ड में बाजी मारी



मोशन के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया है।

- 100 विद्यार्थियों ने हासिल किए 90 प्रतिशत से अधिक अंक
- प्रहलाद मोहन ने किया टॉप, सम्मान समारोह में गूंजे जश्न के तराने

**कोटा,** (निसं)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परिणामों में मोशन एजुकेशन फाउंडेशन डिवीजन के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। संस्था के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मोशन के द्रोणा-1 कैम्पस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में टॉपर्स और उनके अभिभावकों का भव्य अभिनंदन किया गया। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि छात्र प्रहलाद मोहन ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान हासिल किया। अन्य होनहार विद्यार्थियों में अक्षय केजरीवाल (97.60 प्रतिशत), आदित्य शिंदे (97.40 प्रतिशत), गौरव भामरे (96.60 प्रतिशत), वैदिक वत्स (96.40 प्रतिशत), अनूप यश व अश्लेषा इंगोले (96.20 प्रतिशत) और अरबाब अहमद खान व अंकित राज (96 प्रतिशत) शामिल हैं।

मोशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी हैं। निदेशक डॉ. स्वाति विजय ने कहा कि मोशन सिर्फ अच्छे अंक दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास, सोचने-समझने की क्षमता और नेतृत्व गुणों का भी विकास करता है।

फाउंडेशन डिवीजन के अकेडमिक हेड मुकेश गौड़ ने विद्यार्थियों की सफलता को टीमवर्क और सही मार्गदर्शन का परिणाम बताया। इस अवसर पर टॉपर्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने नियमित अभ्यास, समय प्रबंधन और शिक्षकों के निरंतर सहयोग से यह मुकाम हासिल किया। सम्मान समारोह में उत्सव का माहौल रहा, जहां छात्रों के चेहरे सफलता की चमक से दमक रहे थे और उनके अभिभावक गर्व से भावविभोर थे। मोशन की यह सफलता शिक्षा के क्षेत्र में उसकी गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण है।

# हत्या के चार दोषियों को आजीवन कारावास

**कोटा,** (निसं)। नाबालिग की हत्या के करीब साढे छह साल पुराने मामले में महिला उत्पीड़न क्रम-1 न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये सगे दो भाईयों सहित चार आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। महिला उत्पीडन क्रम-1 न्यायालय के न्यायाधीश ने नाबालिग शाकिब की हत्या के मामले में पकड़े. गये आरोपी निजाम उर्फ निजामुद्दीन, उसका भाई सिराज एवं लोकेन्द्र सिंह, और आदिल खान को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही प्रत्येक आरोपी को 13500 के अर्थ दंड से दंडित किया। फरियादी के एडवोकेट नीलकमल यादव ने बताया कि 1 जुलाई 2018 को परिवादी अली रंगेज ने थाना उद्योग नगर में रिपोर्ट दी। परिवादी ने रिपोर्ट में कहा कि 1 जुलाई 2018 की सुबह 10 बजे डीसीएम चौराहे से निजाम खान व उसका भाई सिराज खान दोनों मोटरसाईकिल पर उसके नाबालिग भांजा शाकिब को मोटरसाईकिल पर बिठाकर गोविन्द नगर सामुदायिक भवन ले गयें। परिवादी ने शिकायत में कहा कि दोनों भाईयों व उसके साथियों ने लोहे के पाईप से उसके भांजे के साथ मारपीट की। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए इन्द्रागांधी नगर निवासी निजाम उर्फ निजामुद्दीन, उसका भाई सिराज व उसके दो अन्य साथी लोकेन्द्र सिंह व आदिल खान को गिरफ्तार किया।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर नि:शुल्क शिविर

**कोटा,** (निसं)। हर साल 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य आम जनता को उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) की गंभीरता के बारे में जागरूक करना और समय रहते इससे बचाव के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष की थीम है "अपने रक्तचाप को जानिए, इसे नियंत्रित कीजिए" जो लोगों को नियमित जांच और सक्रिय स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए प्रेरित करती है। उच्च रक्तचाप को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, क्योंकि इसके लक्षण प्राय: स्पष्ट नहीं होते, लेकिन यह हृदयाघात, स्ट्रोक, किडनी फेल्योर और आंखों की रोशनी पर गंभीर असर डाल सकता है। भारत में हर तीसरा वयस्क उच्च रक्तचाप से ग्रसित है, लेकिन उनमें से अधिकांश को इसका ज्ञान नहीं होता। है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर वर्ष लगभग 76 लाख मौतें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उच्च रक्तचाप से जुड़ी होती हैं। समय पर निदान और जीवनशैली में सुधार से इसे नियंत्रित किया जा सकता है।इस अवसर पर श्रीजी हॉस्पिटल, सी-163 ए, रोड नं. 5, आई.पी.आई.ए., कोटा में नि:शुल्क रक्तचाप जॉच शिविर का आयोजन (हाइपरटेंशन स्क्रीनिंग शिविर) 18 मई दिन रविवार को प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक किया जाऐगा, ताकि लोगों को समय पर जांच व रोकथाम के लिए प्रेरित किया जा सके। शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.निशांत सक्सैना, डॉ.समीर जैन, डॉ.भूपेंद्र बाठला व डायटीशियन अभिलाषा मंगल अपनी नि:शुल्क सेवाएं देंगे। अस्पताल के निदेशक डॉ.राकेश जिंदल ने बताया कि शिविर में एचबीए1सी, ब्लड़ शुगर एवं लिपिड प्रोफाइल की नि:शुल्क जांच की जाऐगी।


**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना सं ईएल/ टीआरडी/50/एनआईटी दि. 14.05.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से वरि.मं.वि.इंजी (क.वि.) प.म.रे. कोटा निम्न कार्य के लिए खुली मोहरबंद ई-निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा संख्या एवं कार्य का नाम:** निविदा संख्या-ईएल/टीआरडी/50/ 09(2025-26)-प्रोविजन ऑफ स्काडा अपग्रेडेशन विद फुल साइबर सिक्योरिटी अपग्रेड इन कोटा-चित्तौड़ सेक्शन ऑफ कोटा डिवीजन, **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,56,50,000.00, **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय:** दिनांक 13.06.2025 को 15.30 बजे।, **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सके:** http://www.ireps. gov.in., वरि.मं. वि.इंजी (क.वि.) कोटा प्रथम तल मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, प.म.रे. कोटा, **नोट:** ऑफर केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किये जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)
वरि. मं.वि.इंजी./(क.वि.)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 18 से

**कोटा,** (निसं)। जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित अंडर 7, 9, 11 (ओपन गर्ल्स) शतरंज प्रतियोगिता 18 मई से नेक्सा शोरुम मारुति सुजुकी एरोड्राम सर्किल कोटा में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता का पहला राउण्ड प्रात: 8.30 बजे से खेला जायेगा।

जिला शतरंज संघ अध्यक्ष प्रेम भाटिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय स्विस पद्धति के आधार पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिए जायेंगे। कोषाध्यक्ष ईश्वर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों का प्रत्येक आयु वर्ग में 2 बालक एवं 2 बालिकाओं चयन उदयपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया जायेगा।

# विचाराधीन बंदी की मौत

**कोटा,** (निसं)। कोटा सेन्ट्रल जेल में पत्नी पर एसिड फेंकने के मामले में बंद विचाराधीन बंदी की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। कोटा सेन्ट्रल जेल के जेलर धारा सिंह ने बताया कि झालावाड़ में पत्नी पर एसिड फेंकने के मामले में जनवरी माह में कोटा सेन्ट्रल जेल में बंद विचाराधीन बंदी सुनीत उर्फ बॉबी (50) कई बीमारियों से पीड़ित था। उसे डायबिटिज, हार्ट व लीवर संबधित बीमारियां थी। गुरूवार शाम को तबियत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिये कोटा के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जेलर ने बताया कि शुक्रवार को परिजनों के कोटा पहुंचने पर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर भारत की नारीशक्ति के संकल्प और सम्मान की गर्जना है : बिरला



कोटा में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के शौर्य के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तिरंगा लहराकर शुभारंभ किया

**कोटा,** (निसं)। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और शौर्य के सम्मान में शुक्रवार को कोटा शहर में एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रामपुरा स्थित ऐतिहासिक पीपल पेड़ के समीप भारतमाता एवं शहीद जवानों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर, हाथों में तिरंगा लहराकर किया।

यह आयोजन 'राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु नागरिक कार्यक्रम' के तहत संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, कोटा संभाग समन्वयक अनुसुईया गोस्वामी, कार्यक्रम संयोजक विवेक राजवंशी और सत्यनारायण शर्मा, सहित हजारों की संख्या में नागरिक, सामाजिक संस्थाएं, युवा व मातृशक्ति ने सहभागिता की।

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह आयोजन केवल एक रैली नहीं, बल्कि राष्ट्र गौरव की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि जब-जब तिरंगा लहराता है, तब-तब हमारी आत्मा, अस्मिता और बलिदान की परंपरा भी लहराती है। यह तिरंगा उन वीरों की याद दिलाता है जिन्होंने सीमा पर राष्ट्र के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया।

बिरला ने ऑपरेशन सिंदूर को केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की नारीशक्ति के संकल्प और सिंदूर की रक्षा का प्रतिशोध बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की धरती पर आतंक के गढ़ों को ध्वस्त कर भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्र की बेटियों की ओर उठी हर नजर का जवाब अब सीमा पार से मिलेगा।

उन्होंने कहा कि भारत शांति और करुणा का पक्षधर है, लेकिन जब मातृभूमि पर संकट आता है तो भारत सुदर्शन भी उठा सकता है। बिरला ने आह्वान किया कि हर नागरिक अपने-अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करे, यही सच्ची श्रद्धांजलि है उन सैनिकों को जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में अपना सर्वस्व अर्पित किया।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व और भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम पर पूरा देश विश्वास करता है। ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की है, बल्कि यह संदेश भी दिया है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं करता, बल्कि निर्णायक पहल करता है। सेना और सरकार की यह निर्णायक शक्ति, देश को गौरवान्वित करती है।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब सैन्य दृष्टि से भी आत्मनिर्भर बन चुका है। 'मेक इन इंडिया' के तहत बने स्वदेशी हथियारों, ब्रह्मोस मिसाइल और आधुनिक ड्रोन तकनीक ने यह दिखा दिया कि अब भारत अपने दम पर अपने दुश्मनों को जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। यह आत्मनिर्भर भारत की सैन्य शक्ति का प्रमाण है।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर जैसे साहसिक अभियान के लिए हार्दिक साधुवाद प्रेषित करते हैं। यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के आत्मविश्वास और गर्व की पुनर्स्थापना है। सेना ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा ऑपरेशन सिंदूर केवल एक जवाब नहीं था, बल्कि पहलगाम में माताओं-बहनों के सिंदूर पर हुए प्रहार का सटीक प्रतिशोध था। भारतीय सेना ने इस साहसिक कार्रवाई से यह स्पष्ट कर दिया है कि अब भारत चुप नहीं बैठेगा। यह अभियान नारी गरिमा और राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा का प्रतीक बन चुका है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से केवल 27 मिनट में आतंक के अड्डों को जमींदोज कर दिया और 90 घंटों में पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर खड़ा कर दिया। यह भारत की सैन्य क्षमता, रणनीतिक दृढ़ता और निर्णायक नेतृत्व का इतिहास में दर्ज होने वाला उदाहरण है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार और हमारी सेना को कोटिश: प्रणाम।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता पंकज मेहता, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, महापौर राजीव भारती, पूर्व महापौर महेश विजय, पूर्व उपमहापौर योगेंद्र सिंह खींची, सुनीता व्यास, वरिष्ठ नेता गोविंद शर्मा, पार्षदगण, अधिवक्ता, डॉक्टर, सीए, विभिन्न समाजों के पदाधिकारी और हजारों नागरिकों ने सहभागिता निभाई।


**कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज0)**

क्रमांक:- .ननिको(उ)/जनस्वा./2025/225-235 दिनांक:- 13.05.2025

**: ई-निविदा सूचना :**

नगर निगम कोटा उत्तर क्षेत्र के बोरखेडा लेबर चौराहे से खारी बावडी चौराहे तक सड़क के दोनो ओर मुख्य नाला की सफाई का कार्य करने हेतु पंजीकृत संवेदको से ई-निविदा पद्धति द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रकार कार्य की अनुमानित राशि निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट www.Kotamc.org, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

अनुमानित राशि 11,98,000/- रूपये।
NIB CODE : DLB2526A1274
UBN NO. DLB2526WSRC04632
राज.संवाद/सी/25/2470

अति0 आयुक्त, नगर निगम कोटा उत्तर



**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ/तहसील/क.ब./2025/3147 दिनांक:-16.5.25

**नाम हस्तान्तरण हेतु विज्ञप्ति आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा कच्ची बस्ती नियमन के तहत सर्वे संख्या 72 कच्ची बस्ती अम्बेडकर नगर डकनिया का पट्टा नियमन क्रमांक नियम/आवंटन/129 दिनांक 07.09.2015 को श्री अमरलाल पुत्र मांगीलाल एवं मोहनी बाई पत्नी अमरलाल को आवंटित किया गया था। आवंटी अमरलाल का स्वर्गवास दिनांक 02.06.2024 को हो जाने के कारण आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 30.04.2024 एवं शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती मोहनी बाई पत्नी स्व. श्री अमरलाल ने स्वयं के नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया है। जिसका नाम हस्तांतरण प्रस्तावित है।

अत: उक्त नाम हस्तांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस में अपनी आपत्ति कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत कर देवें। अन्यथा बाद मियाद उक्त आवास का नाम हस्तान्तरण श्रीमती मोहनी बाई पत्नी स्व. श्री अमरलाल के नाम से कर दिया जावेगा।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/14 दिनांक:-13.5.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास संख्या 1246 बसंत विहार केशवपुरा-9 आवासीय योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 465-66 दिनांक 02.06.2008 को श्रीमती अर्चना गुप्ता पत्नी श्री धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्रीमती अर्चना गुप्ता पत्नी श्री धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री नरेश कुमार जैन पुत्र स्व. श्री छोटेलाल जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.02.2009 को श्रीमती शशी बाफना पत्नी श्री सुरेन्द्र बाफना को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्रीमती शशी बाफना पत्नी श्री सुरेन्द्र बाफना द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 1246 बसंत विहार केशवपुरा-9 आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती शशी बाफना पत्नी श्री सुरेन्द्र बाफना के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा